# राजकीय महाविद्यालय महम में अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के उपलक्ष्य पर हुआ आयोजन



अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के उपलक्ष्य पर हुए कार्यक्रम में कैडेट्स को सम्बोधित करती प्राचार्या।

महम, 14 दिसम्बर (इंद्रकला): राजकीय महाविद्यालय महम की फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन बॉयज एवं गर्ल्स यूनिट्स के सौजान्य से राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस पोषण वर्ष कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संतोष हुड्डा ने किया। डॉ. संतोष हुड्डा ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए मोटे अनाज की उपयोगिता तथा इसकी पोषण गुणवत्ता के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी खानपान की आदतों व खाद्य दिनचर्या को सुधारने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कॉमर्स विभाग की व्याख्याता डॉ. प्रियंका वर्मा ने कैंडिडेट्स को खानपान की आदतों व मोटे अनाजों की उनके भोजन के आवश्यक अंग बनाने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने पोषण संबंधी अन्य जानकारियां भी दी तथा फास्ट फूड जंक फूड व पैकेज्ड फूड से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी अनिल चहल व ज्योति शर्मा भी उपस्थित रहे।